प्रेस नोट

दिनांक 29.03.2025

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा का जनपद हमीरपुर भ्रमण व समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक।

आज दिनांक 29 मार्च 2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा राजेश एस0 द्वारा जनपद हमीरपुर का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पुलिस ऑफिस, जनपद हमीरपुर पहुंचकर गार्द की सलामी ली, तत्पश्चात उन्होंने नवनिर्मित पुलिस ऑफिस का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की आधुनिक सुविधाओं की सराहना की और इसे जनहित के लिए अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस ऑफिस का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की तथा संबंधित दस्तावेजों को अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पुलिस कर्मियों को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस प्रशासन को आम जनता के प्रति अधिक संवेदनशील होने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने की हिदायत दी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद हमीरपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।